प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 03.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री ने एमएसएमई एज चैंपियंस ऑफ ग्रोथ पर पोस्ट बजट वेबिनार को किया संबोधित, कहा– भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए बना उम्मीदों का केन्द्र।
- मुख्यमंत्री ने खाड़ी देशों में फंसे झारखंडवासियों से सतर्क रहने को कहा, किसी भी आपात स्थिति में झारखंड राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा जारी फोन हेल्पलाइन पर करें संपर्क।
- राज्य सरकार ने गर्मी में पेयजल की समस्या से निपटने की शुरू की तैयारी, प्रदेश में लगभग नौ हजार नए चापाकल और चौदह हजार से ज्यादा हैंडपंपों की होगी मरम्मत।
- झारखंड उच्च न्यायालय का अहम फैसला, सार्वजनिक योजनाओं के लिए स्थल चयन का अधिकार राज्य सरकार को, कहा– न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं।
- देशभर में आज मनाया जा रहा है विश्व वन्य जीव दिवस, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वन्यजीवों के संरक्षण के लिए सरकार की दोहराई प्रतिबद्धता।।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके साथ ही तीव्र आर्थिक विकास विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने का आधार बन गया है। बजट उपरांत आयोजित वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से श्री मोदी संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार का इरादा और संकल्प स्पष्ट हैं. उन्होंने उद्योगों से अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने तथा गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर बदलाव लाने के लिए उद्योग, वित्तीय संस्थानों और राज्य सरकारों को मिलकर काम करना होगा।

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने यद्ध की वजह से खाड़ी देशों से भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने वहां रह रहे झारखंड के लोगों को सर्तक रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह आपात स्थिति में झारखंड राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा जारी टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच छह पांच दो छह के अलावा लैंडलाइन और व्हाट्सएप्प नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

*********************

राज्य सरकार ने गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी है। इस सिलसिले में राज्यभर में सात हजार नौ सौ उनतीस नए चापाकल लगाए जाएंगे,वहीं चौदह हजार दो दौ छियालीस हैंडपंप की मरम्मत की जाएगी। इसके लिए पेयजल और स्वच्छता विभाग ने दो सौ दस करोड़ रुपए का आवंटन किया है। वहीं, स्वच्छ भारत अभियान के लिए छह सौ करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस राशि का इस्तेमाल साढ़े पांच लाख व्यक्तिगत शौचालय बनाने के साथ ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर किया जाएगा।

*********************

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य के विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जामताड़ा जिले के नारायणपुर में योजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचें, इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

*********************

राज्य सरकार ने जेपीएससी की ड्रग इंस्पेक्टर नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा में सरकारी कर्मियों को अधिकतम उम्र सीमा में पांच वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया है। इसका लाभ उन सरकारी कर्मियों को मिलेगा, जिन्होंने लगातार तीन वर्ष की सेवा पूरी की हो। आय़ोग ने आवेदन की अंतिम तारीख भी बढ़ाकर बारह मार्च कर दी है।

********************

आज दुनिया में कई जगहों पर पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। इस खगोलीय घटना के दौरान चंद्रमा पृथ्वी की छाया से गुजरेगा और आकाश में दाएं से बाई ओर बढ़ेगा। भारत में यह दुर्लभ खगोलीय घटना दोपहर तीन बजकर 20 मिनट पर शुरू होगी और शाम छह बजकर 47 मिनट पर समाप्त होगी।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी सार्वजनिक योजनाओं के लिए स्थल चयन का अधिकार सरकार को है। ऐसे मामलों मे सामान्य तौर पर न्यायिक हस्तक्षेप नहीं किया जाता है। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने लातेहार जिला के बरवाडीह में प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्यवासियों को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे आपसी प्रेम भाईचारा और शांति– सदभाव के साथ इस त्योहार को मनाएं।

उधऱ, गिरिडीह जिले में भी होली तथा रमजान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस सिलसिले में जिले के उपायुक्त रामनिवास यादव औऱ पुलिस अधीक्षक विमल कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

हजारीबाग जिले में होली को लेकर आज से चार मार्च तक के लिए निषेधाज्ञा जारी की गयी है। अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश से जारी निषेधात्रा के दौरान किसी भी तरह के हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा, वहीं सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

********************

पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने पुलिस उप महानिरीक्षक के निर्देश पर जुगसलाई के थाना प्रभारी बैजनाथ कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। थाना प्रभारी के खिलाफ एक अपराधी के खिलाफ  लोगों द्वारा दर्ज शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप है।

*********************

चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के जंगल से युवक–युवती का शव पुलिस ने बरामद किया है। दोनों 27 फरवरी से लापता था, इसे लेकर उनके परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ सामान बरामद किए हैं, जिसकी जांच की जा रही है।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 54 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 95 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

झारखंड समेत पूरे देश में आज विश्य वन्य जीव दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाने का मकसद वन्य जीवों का सम्मान और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर वन्यजीवों के संरक्षण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। श्री मोदी ने कहा कि यह दिन वन्यजीव संरक्षण के लिए काम करने वाले सभी लोगों के प्रयासों को भी मान्यता देता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने आशा व्यक्त की है कि यह दिवस आने वाली पीढ़ियों के लिए वन्यजीवों की रक्षा और संरक्षण के सामूहिक संकल्प को और मजबूत करेगा।

*********************